Chapter – 8

वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर

What is Video (Video क्या है)

Video एक तकनीक है जो इलेक्ट्रॉनिक तरीके से Still images की श्रंखला को Capture, Record, Process, Store, Translate करती है| यह Still images को motion के रूप में दिखाती हैं| full motion video में, motion की फोटो ग्राफिक डिटेल रिकॉर्डिंग शामिल होती है| ऑडियो की तरह Video भी analog या digital होते है| Digital Video एक शब्द है जो मूविंग पिक्चर्स के लिए प्रयोग होता है जो कंप्यूटर की हार्ड डिस्क पर editing या playback के लिए स्टोर होती हैं| Video का अर्थ digital Video recorder जैसी डिवाइस से तैयार किए गए रियल लाइफ इवेंट की रिकॉर्डिंग से होता है| Video data के लिए भी ज्यादा स्टोरेज स्पेस चाहिए होता है| Video, मल्टीमीडिया का एक महत्वपूर्ण कंपोनेंट है क्योंकि यह ऐसे concept को दिखाने के लिए बहुत उपयोगी होता है जिसमें मूवमेंट शामिल हो|



वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर (Video Editing Software)

वीडियो एडिटिंग के लिए कुछ सॉफ्टवेयर की आवश्यकता होती है जो निम्न प्रकार है

एडोब प्रीमियर

यह एक नॉन लीनियर एडिटिंग के लिए एक सरल वीडियो एडिटिंग टूल है अर्थात वीडियो क्लिप्स को किसी भी क्रम में रख सकते हैं वीडियो तथा ऑडियो ट्रेक्स के रूप में व्यवस्थित होते हैं जैसे म्यूजिकल स्कोर यह बड़ी संख्या में वीडियो तथा ऑडियो टूल्स प्रदान करता है तथा यह सुपर इंपोजिशंस और वर्चुअल क्लिप्स भी देता है

क्लिप्स के लिए built-in ट्रांजिशंस फिल्टर्स तथा मोशन की बड़ी लाइब्रेरी मल्टीमीडिया प्रोडक्शन के प्रभावी निर्माण को आसान बनाता है

एडोब ऑफ्टर इफैक्ट्स

यह एक शक्तिशाली वीडियो एडिटिंग टूल है जो यूजर्स को विभिन्न इफैक्ट्स जैसे लाइटिंग शैडो तथा मोशन ब्लरिंग इत्यादि का उपयोग करके पहले से स्थित मूवीज को एडिट करने तथा जोड़ने की सुविधा देती है|

फाइनल कट प्रो

यह मैकिनटोश प्लेटफार्म के लिए एप्पल द्वारा प्रदान किया गया वीडियो एडिटिंग टूल है यह विभिन्न स्त्रोतों जैसे फिल्म तथा डीवीडी से ऑडियो और वीडियो कैप्चर करने की सुविधा देते हैं